भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

BHARAT PETROLEUM CORPORATION LTD.
(A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)

बीपीसीएल/सहारनपुर/एफ़सीए/2017-18 जनवरी 2018

सेवा में

**प्रभागीय वन अधिकारी**
**शिवालिक वन प्रभाग**
**सहारनपुर**

**विषय:** सहारनपुर शहरी वितरण परियोजना (सीजीडी प्रोजेक्ट): भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) द्वारा 8"/6" व्यास की भूमिगत प्रकृतिक गॅस पाईप लाईन बिछाने हेतु शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर के अंतर्गत एनएच-73 (नया-344) के किमी 26 से 25 (बायी पटरी), एनएच 72ए (नया-307) किमी 0 से 1 के मध्य 1340 मी. तथा क्रॉसिंग पर दोनों पटरी, कुल लंबाई 1360 मी. एवं चौड़ाई 1.00 मी. क्षेत्रफल 0.136 हे. भूमि हस्तांतरण। Project No. FP/UP/Others/27358/2017

**संदर्भ:** आपका पत्र क्रमांक 2295/14-10 सहारनपुर दिनांक 08/01/2018.

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयांकित प्रस्ताव में कुछ कमियां बताई हैं जिनकी बिन्दुवार अनुपालना निम्नवत हैं:

1- प्रस्ताव के साथ 1:50000 स्केल का रंगीन सर्वे ऑफ इंडिया की टोपोशीट जोडी हुई हैं, फिर भी आपके पत्रानुसार फुल साइज़ टोपोशीट की छः प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न की जा रही हैं। प्रस्तावित पाईप लाईन रोड़ के ROW में उसके समानान्तर बिछाई जानी हैं, जिसमें कोई पारंपरिक वन भूमि प्रभावित नहीं हो रही हैं, तथा इसके वन ब्लॉक एवं कंपार्ट्मेंट की जानकारी टोपोशीट में उपलब्ध नहीं हैं। इंडेक्स तथा शीर्षक इत्यादि टोपोशीट में दर्शाई गयी हैं।

2- प्रभावित वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण हमारे प्रतिनिधि तथा मोहन्ड रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी के द्वारा दिनांक 14.12.2018 को पूर्ण हो चुका हैं। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट मोहन्ड रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी के द्वारा आपके कार्यालय में भेंज दी गई हैं। संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट की नकल आपके अवलोकन हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

3- प्रस्ताव में स्वामित्व विभाग अथात लोक निर्माण विभाग कि अन्नापति प्रस्ताव के साथ संलग्न कर दी गई हैं। हमारे प्रकरण में अग्निशमन और प्रदूषण विभाग के अन्नापति प्रमाण पत्र लागू नहीं हैं। लोक निर्माण विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति आपके अवलोकन हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

4- जिलाधिकारी सहारनपुर से वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन जिलाधिकारी सहारनपुर को हमारे पत्र क्रमांक BPCL/Saharanpur GA/FRA/01 दिनांक 03.08.2017 के द्वारा किया गया हैं। जिसकी छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न है, जो कि वन विभाग की अनुशंसा हेतु लंबित हैं।

28-ए, ई.सी.ई. हाऊस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 कार्या.: 23316891 फैक्स : 23312078, 23316894
रजिस्टर्ड आफिस : भारत भवन, 4 एंव 6 करीमभॉय रोड, बेलार्ड इस्टेट, मुम्बई-400001 फोन : 22713000, 22714000 फैक्स : 22713837

28-A, ECE House, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110001 Off. : 23316891 Fax : 23312078, 23316894
Registered Office : Bharat Bhawan, 4 & 6 Currimbhoy Road, Ballard Estate, Mumbai-400 001 Phone : 22713000, 22714000 Fax : 22713837
Email : info@bharatpetroleum.in Web : www.bharatpetroleum.in CIN : L23220MH1952GO1008931

अतः आपसे अनुरोध हैं कि उपरोक्त बिन्दुओं का संज्ञान लेते हुए प्रस्ताव को आपकी अनुशंसा सहित अगले स्तर पर भेजने की कृपा करें जिससे शिघ्रातिशीघ्र अनुमति प्राप्त हो सके।

भवदीय,

**बरिष्ठ प्रबन्धक (गॅस),**
**सीजीडी- सहारनपुर**
**भारत पेट्रोलियम कोर्पोरेशन लि.**

BHARAT PETROLEUM CORPORATION LTD.
A Govt. Of India Enterprise

संलग्न: उपरोक्तानुसार

Received-
KST
23/11/18

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी
शिवालिक वन प्रभाग,
सहारनपुर (उ०प्र०)